राजस्थान बना देशव्यापी साइबर सुरक्षा आंदोलन का केंद्र, व्हाट नाउ ने लॉन्च किया यूथ एंबेसडर प्रोग्राम

■ दिव्य राष्ट्र

जयपुर। हाल ही में राजस्थान में साइबर उत्पीड़न और ऑनलाइन बुलींग के खिलाफ शुरू किए गए राज्यव्यापी अभियान को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। व्हाट नाउ के हेल्पलाइन नंबर +91-9019115115 पर पूरे राज्य से लगातार कॉल आ रहे हैं, जिनमें लोग कानूनी सहायता, भावनात्मक सहयोग और त्वरित हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। यह बढ़ती हुई मांग इस बात को उजागर करती है कि छात्रों और युवाओं के लिए सुलभ साइबर सुरक्षा प्रणाली कितनी जरूरी हो गई है। इस प्रतिक्रिया को देखते हुए व्हाट नाउ अब राजस्थान में अपना प्रमुख यूथ एम्बेसडर प्रोग्राम शीघ्र शुरू करने जा रहा है, जिसमें कॉलेज के छात्रों को डिजिटल फर्स्ट रिस्पॉन्डर के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। संस्थापक नीति गोयल ने कहा, कॉल थम ही नहीं रहे हैं। यह बताता है कि ज़मीनी स्तर पर इसकी ज़रूरत कितनी अधिक है। सह-संस्थापक और कानूनी रणनीतिकार अक्षत खेतान ने जोड़ा, ल्हम एक ऐसा ढांचा बना रहे हैं, जहाँ पीड़ित अकेले न रहें और उनका साथ देने के लिए प्रशिक्षित युवा साथियों का नेटवर्क हो। आनेका गोयल, जो व्हाट नाउ की ग्लोबल यूथ एम्बेसडर हैं, राजस्थान की इस पहल का नेतृत्व करेंगी, जबकि अव्यय गोयल छात्रों के बीच ज़मीनी स्तर पर सक्रिय भागीदारी को आगे बढ़ाएँगे। यह कार्यक्रम साइबर कानून, भावनात्मक प्राथमिक चिकित्सा, रिपोर्टिंग प्रक्रियाओं और साथी शिक्षण पर केंद्रित होगा, और लक्ष्य है कि मध्य 2025 तक राजस्थान के कॉलेजों में डिजिटल सेफ्टी सेल्स स्थापित किए जाएँ। राजस्थान अब इस राष्ट्रीय अभियान का केंद्र बन रहा है, यह केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक जन आन्दोलन है।